हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

13 रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में कछुआ चाल से भड़के...



14 हल्की बारिश में ही डिंग मंडी बनी 'तालाब'



## खबर संक्षेप

### छात्रा ने कोचिंग सेंटर के बाहर निगला जहर

**फतेहाबाद।** मॉडल टाउन स्थित सैंटर पर आईलेट्स की कोचिंग लेने आने वाली 19 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगलकर सुसाइड करने का प्रयास किया। घटना बीएसएनएल एक्सचेंज के पास स्थित एक आईलेट्स कोचिंग सेंटर के बाहर हुई। युवती की तबीयत बिगडने पर कोचिंग सेंटर के स्टाफ ने तत्काल उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### ईआरवी टीम पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ईआरवी टीम पर हमला करने, पुलिसकर्मी से मारपीट और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने एक और आरोपी को काबू कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अलालवास निवासी अजब सिंह पुत्र दिलीप सिंह के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### मुख्तयार सिंह मैमोरियल कॉलेज में किया पौधरोपण

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्तयार सिंह मैमोरियल पी.जी. महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपने दायित्व का बोध कराना था। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में लगभग 150 पौधों का रोपण किया गया।

### हेरोइन तस्करी के मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा वार्ड नंबर 26, गुरु नानक मोहल्ला का रहने वाला है। इस मामले में पुलिस एक तस्कर को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम नशा आपूर्ति की हर कड़ी को खंगाल रही है।

### सीडीएलयू के पांच शोधार्थी पीएचडी डिग्री के पात्र घोषित

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने परीक्षकों के बोर्ड व शोध समिति की अनुशंसा पर पांच शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजकुमार ने इस संबंध में बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित रिसर्च डिग्री कमेटी की बैठक में वाणिज्य विभाग की साक्षी, कैलाश चंद्र एवं अनिल दुग्गल, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की मधु तथा भौतिकी विभाग की नैंसी को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया गया है।

# भीषण उमस के बीच 4 घंटे बिजली रही गुल घरों से लेकर अस्पताल तक जनजीवन प्रभावित

### रंगोली पैलेस के पास टूटी हाईटेंशन केबल

## इंजीनियरों ने युद्धस्तर पर किया मरम्मत कार्य, शाम सवा चार बजे बहाल हुई सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के भट्टू रोड स्थित 220 केवी सब स्टेशन से 33 केवी सब स्टेशन को जोड़ने वाली जीएसएल केबल वीरवार दोपहर रंगोली पैलेस के पास अचानक टूटकर जमीन पर गिर गई जिससे दो घंटे बिजली गुल रही। इससे पहले भी दो घंटे बिजली कट लगा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से तुरंत बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी, जिसके चलते करीब दो घंटे तक पूरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। भीषण उमस और गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों, बाजारों, सरकारी कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और सिविल अस्पताल सहित शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप रहने से दैनिक कार्य प्रभावित हुए। निगम के इंजीनियरों और कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य पूरा किया, जिसके बाद शाम करीब सवा चार बजे बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

### सिविल अस्पताल में जनरेटर का लिया गया सहारा

जानकारी के अनुसार भट्टू रोड स्थित 220 केवी सब स्टेशन से 33 केवी सब स्टेशन के माध्यम से पूरे शहर में बिजली की आपूर्ति की जाती है। हाई वोल्टेज लाइन के नीचे जीएसएल केबल लगाई जाती है, जिसका उद्देश्य किसी तकनीकी खराबी या लाइन टूटने की स्थिति में मुख्य तारों को सुरक्षित रखना तथा उन्हें आबादी वाले क्षेत्र में गिरने से बचाना होता है। वीरवार दोपहर रंगोली पैलेस के पास यह जीएसएल केबल अचानक टूटकर जमीन पर गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और सुरक्षा कारणों से तुरंत लाइन बंद करने का निर्णय लिया। 33 केवी सब स्टेशन के प्रभारी जेई देवी सिंह ने 220 केवी सब स्टेशन से शटडाउन परमिट लिया। इसके बाद 220 केवी सब स्टेशन के प्रभारी जेई अशोक ने लाइन बंद कर आइसोलेटर ऑफ कर दिए, ताकि मरम्मत के दौरान किसी भी कर्मचारी या आम नागरिक को करंट फैलने का खतरा न रहे। लाइन बंद होने के साथ ही 33 केवी सब स्टेशन से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई और पूरे शहर में बिजली गुल हो गई। बिजली कटौती के दौरान शहर के बाजारों में कारोबार भी प्रभावित रहा। कई दुकानदारों को इनवर्टर और जनरेटर के सहारे काम चलाना पड़ा, जबकि कई स्थानों पर पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। सिविल अस्पताल में आवश्यक सेवाओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जनरेटर संचालित किए गए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। दोपहर के समय बिजली बंद रहने से घरों में लोग उमस और गर्मी से परेशान दिखाई दिए तथा लगातार बिजली बहाल होने का इंतजार करते रहे।



फतेहाबाद। भट्टू रोड पर टूटी जीएसएल केबल।

### कई स्थानों पर पेयजल आपूर्ति भी रही प्रभावित

#### सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए किया मरम्मत कार्य

विद्युत निगम की टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए जीएसएल केबल को बदलने और जोडने का कार्य शुरू किया। करीब दो घंटे तक चले मरम्मत अभियान के बाद केबल को सफलतापूर्वक जोड़ दिया गया। सभी तकनीकी परीक्षण पूरे होने के बाद शाम करीब 4:15 बजे लाइन को दोबारा चार्ज किया गया और शहर की बिजली आपूर्ति क्रमवार बहाल कर दी गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि किसी भी संभावित हादसे से बचने के लिए पहले पूरी लाइन को सुरक्षित किया गया और उसके बाद ही मरम्मत कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ही बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी गई थी।

## ट्रैफिक पुलिस बोली- सड़क जाम नहीं होने देंगे, कल तक हटाने की चेतावनी

# हंस मार्केट में रेहड़ियां हटाने पहुंची टीम और यूनियन प्रधान में तीखी नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के हंस मार्केट में गुरुवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची ट्रैफिक पुलिस और नगर परिषद की संयुक्त टीम की रेहड़ी यूनियन के प्रधान से तीखी बहसबाजी हो गई। कार्रवाई के दौरान यूनियन प्रधान ने नगर परिषद की टीम पर फव्वारा चौक के रेहड़ी चालकों से कथित तौर पर मंथली वसूली करने और केवल हंस मार्केट के रेहड़ी वालों को निशाना बनाने के आरोप लगाए। हालांकि अधिकारियों ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कार्रवाई का उद्देश्य केवल यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। टीम ने रेहड़ी चालकों को शुक्रवार तक स्वयं रेहड़ियां हटाने का समय देते हुए चेतावनी दी कि इसके बाद मौके पर रेहड़ी मिलने पर उन्हें जब्त कर लिया जाएगा। नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम सीएसआई महेश कुमार के नेतृत्व में हंस मार्केट पहुंची थी। यहां सडक़ पर कई कतारों में लगी रेहडियों के कारण लगातार जाम की स्थिति बन रही थी। टीम ने एक-एक कर पूरी मार्केट से रेहड़ियां हटवा दीं। अधिकांश रेहड़ी चालकों ने बिना विरोध के अपनी रेहड़ियां हटा लीं, लेकिन अंतिम रेहड़ी तक पहुंचने पर माहौल अचानक गरमा गया। रेहड़ी यूनियन के प्रधान निक्का मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करते हुए ट्रैफिक थाना प्रभारी जय सिंह तथा नगर परिषद के अधिकारियों से बहस शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि फव्वारा चौक पर भी बड़ी संख्या में रेहड़ियां लगती हैं, लेकिन वहां कार्रवाई नहीं होती।

**मंथली वसूली के आरोपों पर बढ़ा विवाद**



फतेहाबाद। रेहडियां हटवाने आई टीम से बहस करते रेहड़ी चालक।



### दुकानदार-रेहड़ी गठजोड़ से जनता परेशान

एक तरफ जहां रेहड़ी वाले प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ स्थानीय नागरिक और ग्राहक रेहड़ी चालकों के बेढंगे व्यवहार से बेहद त्रस्त हैं। लोगों का कहना है कि रेट पूछने पर रेहड़ी चालक धमकी देने और गलत शब्दों का प्रयोग करने पर उतारू हो जाते हैं। हंस मार्केट को अतिक्रमण मुक्त न कर पाने की बड़ी वजह दुकानदारों और रेहड़ी चालकों का अंदरूनी गठजोड़ है। कई रेहड़ी वाले अपना सामान दुकानों में ही रखते हैं और शाम होते-होते मुख्य सडक़ तक कब्जा कर लेते हैं, जिससे पैदल चलना भी दुभर हो जाता है।

### जाम लगाने पर होगी कार्रवाई

ट्रैफिक थाना प्रभारी जय सिंह ने मौके पर स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य किसी की रोजी-रोटी छीनना नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि रेहड़ी सडक़ किनारे इस तरह लगाई जाती है जिससे यातायात बाधित न हो या रेहड़ी चलते-फिरते व्यवसाय करती हो तो कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन हंस मार्केट की तरह कई-कई कतारों में रेहडियां लगाकर सडक़ घेरने और जाम की स्थिति पैदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने सभी रेहड़ी चालकों को शुक्रवार तक स्वयं व्यवस्था सुधारने का समय दिया। चेतावनी दी कि यदि तय समय के बाद भी सडक़ पर अवैध रूप से रेहडियां मिलीं तो उन्हें जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।



फतेहाबाद। पत्रकारों को जानकारी देते एएसपी दिव्यांशी सिंगला। फोटो: हरिभूमि

### नशा माफिया पर आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक

# 42 तस्करों की 8.39 करोड़ की जायदाद फ्रीज

- एएसपी ने कहा : अपराध छोड़ें और कानून की मुख्यधारा में लौटें, वरना जेल के साथ-साथ पाई-पाई से भी हाथ धोना पड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में नशे का काला कारोबार करने वालों और संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों की अब खैर नहीं है। फतेहाबाद पुलिस ने नशा माफिया की आर्थिक रीढ़ तोड़ने के लिए एक व्यापक अभियान छेड़ रखा है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस अब तक 42 बड़े नशा तस्करों की आठ करोड़ 39 लाख 12 हजार 688 मूल्य की अवैध संपत्तियों को फ्रीज कर चुकी है। गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि पुलिस अपराधियों को सिर्फजेल भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी काली कमाई से खड़े किए गए साम्राज्य को जमींदोज करने की दोहरी रणनीति पर काम कर रही है।

### जनता से अपील

एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने तस्करों एवं अपराधियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जो लोग अभी भी नशा तस्करी अथवा अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं, वे समय रहते अपराध का रास्ता छोडक़र कानून की मुख्यधारा में लौट आएं। यदि कोई व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### ताजा कार्रवाई : 1.20 करोड़ की संपत्ति फ्रीज और एक करोड़ की हेरोइन जब्त

एएसपी ने बताया कि हाल ही में फतेहाबाद पुलिस ने 477 ग्राम हेरोइन बरामद कर एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंजाब के मोगा जिले के गांव जीरा निवासी अमन कुमार के रूप में हुई है। अमन वर्तमान में ग्वार मंडी, फिरोजपुर में रहता है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

# बड़े गांवों में शुरू होगा कचरा प्रबंधन

- किराए पर ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक ड्राइवर और एक सफाई कर्मचारी तैनात किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले की महाग्राम पंचायतों में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है। 7,500 या उससे अधिक आबादी वाली पंचायतों में कचरा उठाने के लिए किराए पर ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक ड्राइवर और एक सफाई कर्मचारी तैनात किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने इस संबंध में सभी खंड विकास अधिकारियों और सरपंचों को निर्देश जारी कर दिए हैं। सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत यह कदम उठाया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों में कचरा एकत्र करने, उसकी छंटाई करने और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण की व्यवस्था को मजबूत करना है।

### इन 13 गांवों में लागू होगी व्यवस्था

प्रशासन ने प्राथमिक चरण में जिले की 13 बड़ी पंचायतों का चयन किया है। इनमें भट्टू कलां, भट्टू मंडी, किरढ़ान, गोरखपुर, नहला, बड़ोपल, भिरड़ाना, भोडिया खेड़ा, धांगड़, मतानी, नागपुर, जमालपुर शेखां और समैन शामिल हैं। इन सभी गांवों में अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर वाहन और जनशक्ति ली जाएगी। अधिकारियों और सरपंचों को समय पर यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

सीईओ ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के स्तर पर लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से भी अपने आसपास सफाई रखने और इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

### भैंस कारोबारी से लूट का खुलासा

# पंजाब के तीन बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने भैंस व्यापारी से 1.90 लाख रुपए की लूट का खुलासा किया है। इस मामले में थाना जाखल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह वारदात 28 जुलाई को हुई थी। एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविंद्र सिंह उर्फ रवि उर्फ जुक्ता, यादविंद्र और सुखविंद्र सिंह के रूप में हुई है। ये सभी संगरूर के गांव लहल कलां के निवासी हैं। बता दें कि, टोहाना के राम नगर, वार्ड नंबर-4 निवासी किशोरी लाल ने थाना जाखल में शिकायत दर्ज कराई थी। किशोरी लाल जाखल और टोहाना क्षेत्र में भैंसों की खरीद-फरोख्त का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को वे मोटरसाइकिल पर गांव चांदपुरा से टोहाना लौट रहे थे। जब वे कुदनी हेड के पास पहुंचे, तो पीछे से मोटरसाइकिल पर आए तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया।



*एएसपी ने बताया कि पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान वारदात में प्रयुक्त हथियार, लूटी गई नकदी की बरामदगी, घटना में प्रयुक्त वाहन तथा अन्य संभावित आपराधिक गतिविधियों के संबंध में जांच जारी है। यदि जांच के दौरान अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

फतेहाबाद। लूटपाट मामले में गिरफ्तार पंजाब के युवक। फोटो: हरिभूमि

### डराकर लूटे पैसे

एएसपी ने बताया कि आरोपियों में से एक ने तेजधार हथियार दिखाकर कारोबारी को डराया और उसकी गर्दन पर हथियार रखकर उसकी पेंट की जेब 1.90 लाख रुपए निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना जाखल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचना और गहन जांच के आधार पर तीनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# कर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कर्मचारी संगठनों ने न्यायालयों के निर्णयों एवं नियमितीकरण नीतियों के सामन्यीकरण के आधार पर नियमितीकरण किए जाने को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारी वीरवार सुबह शहीद भगत सिंह स्टेडियम में एकत्रित हुए। यहां से रोष मार्च निकालते हुए लघुसचिवालय पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान मदन लाल खोथ, सचिव रमेश कुमार सोनी ने कहा कि सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों एवं स्वायत्त संस्थाओं में वर्षों से कार्यरत लाखों कच्चे कर्मचारी एवं शिक्षक स्थायी कर्मचारियों के समान निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी से सेवाएं दे रहे हैं, किंतु आज भी नियमितीकरण एवं अन्य सेवा लाभों से वंचित हैं। इसके अतिरिक्त पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा 23 एवं 31 दिसंबर 2025 को दिए गए निर्णयों तथा सर्वोच्च न्यायाल द्वारा अप्रैल, जून एवं जुलाई 2026 में दिए गए विभिन्न निर्णयों ने इन नीतियों को लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

**धर्म-कर्म**

## जिलेभर के मंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

# सावन के प्रथम दिन शिवालयों पर 'हर-हर महादेव' की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सावन माह के प्रथम दिन वीरवार को फतेहाबाद में शिवालयों व मंदिरों में अलसुबह 4 बजे ही घंटे और घड़ियाल गूंज उठे। मंदिरों से दूर-दूर तक ओम् नमः शिवाय, बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण गूंजायमान हो गया। बाजार व चौराहों पर भी भोलेनाथ के भजनों पर शिव अराधना करते दिखे। यहां के श्याम मंदिर, रघुनाथ मंदिर, दुर्गा मंदिर, देवी मंदिर, हनुमान मंदिर, शिवालय मंदिर, गीता मंदिर सहित अनेक जगहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अलसुबह 4 बजे ही शिवालयों पर लोग जलाभिषेक के लिए पंचामृत, बेलपत्र, शहद, फल, दूध, दही और विभिन्न प्रकार के प्रसाद लेकर लाइनों में लग गए। श्याम मंदिर में पुजारी सोनू शर्मा ने विधि विधान से श्रद्धालुओं से जलाभिषेक करवाया। श्रद्धालुओं ने सावन के पहले वीरवार को व्रत रखा। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार सावन की शिवरात्रि का दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन किया गया व्रत और पूजन वैवाहिक जीवन में प्रेम, सामंजस्य और सुख-शांति बनाए रखता है। यह व्रत विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं और विवाहित महिलाओं के लिए फलदायक माना जाता है। इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध, शहद, बेलपत्र, धतूरा और आक चढ़ाकर शिवजी को प्रसन्न किया जाता है।



फतेहाबाद। श्री श्याम मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### पंचमुखी शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**टोहाना।** सावन के पहले दिन शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रतिया रोड स्थित प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए लाइन में दर्शन की व्यवस्था की गई। मंदिर के पुजारी दिलीप चंद शास्त्री ने बताया कि सावन के महीने में शिव जी की पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं को इस महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा करनी चाहिए। मंदिर कमेटी प्रधान ने कहा कि यह क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर है। हर साल सावन में यहां क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ जुटती है। लोगों की मंदिर के प्रति गहरी आस्था है। कमेटी ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था की है। शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायक कलाकार भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर कमेटी ने शिवरात्रि पर्व के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। इससे मंदिर में आने वाले भक्तों और कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेंड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ़ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने बर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।



पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?



कहानी
सरस्वती रमेश



एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





मोक्षित, ब्यावर



आशना, जांजगीर



सार्थक, कोरबा



देवांश, महेंद्रगढ़



कुंजल, रायपुर



दिशा, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित दो तस्कर काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने बाइक सवार दो युवकों को लाखों रुपये की 42 ग्राम 390 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों की पहचान शंकर व अजय के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान देवीलाल पार्क सिरसा क्षेत्र मे मौजूद थी। इसी दौरान सामने से बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए जो कि पुलिस को देखकर वापस मुड़ गए। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया।

### सुसाइड मामले में तीन पर केस दर्ज, जांच शुरू

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव माखोसरानी में एक किसान द्वारा खेत में जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड मामले में नाथूसरी चौपटा पुलिस ने तीन व्यक्ति पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने जिला नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान महावीर सिंह ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खाकर बुधवार को सुसाइड कर लिया था। इसके बाद तलाश करने पर उसका शव नरमा के खेत में मिला। मोबाइल फोन व सुसाइड नोट पास पॉलीथीन पड़ा हुआ मिला था।

### 5 अगस्त तक का दिया अल्टीमेटम, 6 को स्टेट हाईवे जाम की चेतावनी

# जाखल में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में कछुआ चाल से भड़के किसान-व्यापारी

- शहरवासी सुबह 10 बजे रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया
- निर्माण एजेंसी की धीमी कार्यप्रणाली ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है



फतेहाबाद। जाखल में धरना देते किसान व व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के जाखल में रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में हो रही अत्यधिक देरी को लेकर गुरुवार को किसानों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, हरियाणा के नेतृत्व में किसान, आढ़ती, राइस सेलर संचालक, कर्मचारी और शहरवासी सुबह 10 बजे रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने निर्माण कार्य में ढिलाई को लेकर प्रशासन और संबंधित विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कार्य की रफ्तार तुरंत बढ़ाने की मांग रखी।

धरने को संबोधित करते हुए किसान व व्यापारी नेताओं ने कहा कि जाखल में रेलवे द्वारा ओवरब्रिज को ऊंचा करने का काम डबल ट्रैक पर गाड़ियों के सुचारू संचालन के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी विकास कार्यों के समर्थन में हैं, लेकिन निर्माण एजेंसी की धीमी कार्यप्रणाली ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है।

नेताओं ने आरोप लगाया कि काम शुरू होने से पहले एजेंसी ने 3 से 6 महीने में निर्माण पूरा करने का भरोसा दिया था, मगर महीनों बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस है।

**सदस्यीय सर्वसम्मति कमेटी का गठन**

आंदोलन को आगे बढ़ाने और भावी रणनीति तय करने के लिए मौके पर ही एक 15 सदस्यीय सर्वदलीय व व्यापारिक कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में किसान, राइस मिल एसोसिएशन, आढ़ती एसोसिएशन व अन्य व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। कमेटी में किसान लाभ सिंह, नसीब सिंह, हरविंदर सिंह, कांत जैन, आदित्य बंसल, दीप चहल, राजविन्दर सिंह, उत्तम सिंह, चरनजीत सिंह, अमन कुमार, नवजोत सिंह, गगु सिंह, सुरेश गर्ग, अंग्रेज सिंह और रजनीश जैन को शामिल किया गया है।

ओवरब्रिज बंद रहने के कारण किसानों, व्यापारियों और राहगीरों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए रोजाना कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे समय और ईंधन की सीधी बर्बादी हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने चिंता जताई कि आगामी धान सीजन में मंडियों तक फसल पहुंचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा, जिससे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

**6 अगस्त को हाईवे जाम और रेल रोको की चेतावनी**

कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 5 अगस्त को एक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यदि 5 अगस्त तक प्रशासन और संबंधित विभाग ने कोई ठोस समाधान नहीं निकाला, तो 6 अगस्त को चंडीगढ़-बुढलाडा हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया जाएगा। इसके बावजूद भी यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आगामी कदम के रूप में रेल रोको आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि रेलवे और जिला प्रशासन अतिरिक्त मजदूरों व आधुनिक मशीनों की तैनाती कर निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा कराए ताकि जनता को जल्द से जल्द राहत मिल सके। धरने के दौरान किसान ब्लॉक प्रधान लाभ सिंह, बलकार सिंह, अवतार सिंह, हरविंदर सिंह, नसीब सिंह, नवजोत सिंह, दीपक सिंगला, कांत जैन, किरण शर्मा, आशु गर्ग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरवासी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। कार्यक्रम में छात्राओं को सम्मानित करते विधायक रणधीर पनिहार व अन्य अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

## पर्यावरण संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता : विधायक रणधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं वन विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय उच्च विद्यालय, भोडिया खेड़ा में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा जन-जन को पौधरोपण के प्रति प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नलवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर पनिहार ने शिरकत की, जबकि उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। स्वच्छता अभियान और एक पेड़ मां के नाम जैसे जनआंदोलनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया जा रहा है। रणधीर पनिहार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़, नगर परिषद वाइस चेयरमैन सविता टुटेजा, डीएफओ राजेश लीलड़, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, डीडीपीओ अनूप सिंह, तहसीलदार सुरेंद्र सिंह, डीआईओ सिकंदर, प्राचार्य नीलम, पार्षद निलाशी शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अनिल गढ़वाल, पार्षद कमल, हनुमान सोनी, राधा कृष्ण नारंग, भाजपा नेता संदीप कुमार, विकास शर्मा सहित जिला प्रशासन, वन विभाग, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# पेड़ों के बिना मानव जीवन अधूरा, हर व्यक्ति करे पौधरोपण: चेयरमैन देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देवकुमार शर्मा ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना मानव जीवन अधूरा है। पेड़ों के महत्व को समझते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करें और इनकी देखभाल करते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। चेयरमैन देवकुमार गुरुवार को सीडीएलयू में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण आधारित प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों व हरियाणाली को बढ़ावा देने में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों व गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा जिले के शिक्षण संस्थानों व सामाजिक संगठनों द्वारा भी वन महोत्सव पर पौधे रोपण किया।



सिरसा। पौधारोपण करते चेयरमैन देवकुमार शर्मा।

**जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं**

चेयरमैन देवकुमार शर्मा ने कहा कि पेड़ों के बिना मानव जीवन पूरी तरह से अधूरा है। यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित भविष्य देना है, तो हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं और वे वर्षा लाने में सहायक होते हैं। कई पशु-पक्षियों का आशियाना भी पेड़ों पर ही होता है। उन्होंने कहा कि बिना पेड़ों के जीवन की कल्पना असंभव है। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए इतिहास में दिए गए महान बलिदानों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि हमें इस महान इतिहास और इन वीर गाथाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. विजय कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल, वन मंडल अधिकारी सतीश कुमार, वन राजिक अधिकारी राजपाल, पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह राही, पूर्व अध्यक्ष शीशपाल कंबोज, प्रदीप रातुसरिया आदि मौजूद रहे।

# डॉ. दिनेश ने पौधरोपण कर युवाओं को दिलाया संकल्प



**भट्टूकलां।** अपनी मातृभूमि और जिस आंगन में बचपन बीता हो, वहां लौटना हमेशा ही किसी भावुक क्षण से कम नहीं होता। ऐसा ही एक भावुक और प्रेरणादायक नजारा भट्टूकलां में उस समय देखने को मिला, जब हरियाणा स्टेट एनएसएस ऑफिसर एवं एनसीसी डिप्टी डायरेक्टर डॉ. दिनेश शर्मा 'एक पेड़ माँ के नाम' राष्ट्रीय अभियान के तहत अपने गृह क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण कर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। अपने दौरे की शुरुआत डॉ. दिनेश शर्मा ने राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल से की। यह वही विद्यालय है जहाँ से उन्होंने स्वयं शिक्षा ग्रहण की थी। अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए डॉ. शर्मा भावुक नजर आए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस मिट्टी में खेलकर और पढ़कर इंसान बड़ा होता है, उसकी सेवा करना और उसे हरा-भरा बनाए रखना ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। इसके बाद उन्होंने राजकीय महाविद्यालय और मदर टेरेसा स्कूल का दौरा कर एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स तथा स्वयंसेवकों की संयुक्त बैठक ली और उन्हें समाज सेवा के गुर सिखाए। कैडेट्स व युवाओं को संबोधित करते हुए स्टेट ऑफिसर डॉ. दिनेश शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि माँ हमें जीवन देती है और प्रकृति उस जीवन का पोषण करती है। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' केवल एक अभियान या औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारी जन्मदात्री माँ और भारत माता दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सबसे पवित्र माध्यम है।

- राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल से की दौरे की शुरुआत

# 26 लाख की ठगी का आरोपी लंदन से लौटते वक्त एयरपोर्ट से गिरफ्तार

### इमीग्रेशन फ्रॉड गिरोह पर सिरसा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले इमीग्रेशन फ्रॉड गिरोह पर सिरसा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी दीपक सहारण ने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने यूके भेजने के नाम पर 26 लाख 19 हजार 200 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में मुख्य आरोपी अमनदीप सिंह को दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी था। वह लंदन से भारत लौटते ही इमीग्रेशन जांच के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।



**जल्द वीजा लगवाने का झांसा दिया**

उन्होंने बताया कि ऐलनाबाद क्षेत्र के गांव मौजू की ढाणी निवासी विनोद कुमार ने शिकायत दी थी कि वह अपने परिवार सहित यूके जाना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात सुखेराखेड़ा निवासी राजन से हुई। राजन ने अपने भाई अमनदीप और सचिन के यूके में होने का हवाला देकर पूरे परिवार को वर्क परमिट वीजा पर विदेश भेजने का भरोसा दिलाया और इसके लिए 32 लाख रुपए की मांग की। आरोप है कि गिरोह ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जल्द वीजा लगवाने का झांसा दिया और अलग-अलग किश्तों में 26 लाख 19 हजार 200 रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित ने पांच लाख रुपए चेक के माध्यम से तथा शेष राशि अन्य किश्तों में अमनदीप और उसके परिजनों को दी। इसके बाद आरोपी लगातार वीजा जल्द लगने का झूठा आश्वासन देते रहे। जब पीड़ित ने बार-बार जानकारी मांगी तो हर बार नया बहाना बनाया गया।

## 10 दिव्यांगजनों को बांटे मासिक पेंशन के चेक



**फतेहाबाद।** सरबत दा भला संस्था द्वारा अरोड़वंश धर्मशाला में 10 दिव्यांगजनों को मासिक पेंशन के चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा एवं अरोड़वंश महासभा के अध्यक्ष आजाद सचदेवा ने लाभार्थियों को पेंशन के चेक वितरित किए। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि सरबत दा भला संस्था लंबे समय से जरूरतमंद दिव्यांगजनों, मरीजों और गरीब परिवारों की निस्वार्थ सेवा कर रही है। संस्था के सेवा कार्य वास्तव में सराहनीय हैं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सिटी वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने बताया कि संस्था दिव्यांगजनों, जरूरतमंद मरीजों तथा मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर समाज सेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रही है। संस्था के अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर ने बताया कि संस्था द्वारा डॉ. बजाज अस्पताल में एक लैब स्थापित की गई है, जहां विभिन्न जांचें मात्र 10 और 20 में की जा रही हैं, जिससे मरीजों को काफी राहत मिल रही है। इस अवसर पर धर्मपाल चावला, ललित चौधरी, लवली मेहता, कुलदीप सचदेवा, मनोज ठाकुर, रामनिवास, राजेश मुटियार, कंवल चौधरी, बनवारी लाल गहलोत, लैब प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. सुमन बजाज, मोहरी राम ग्रोवर, डॉ. गुलशन सेठी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ई-दिशा केंद्र में व्यवस्थाएं परखने पहुंचे उपायुक्त

### नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने गुरूवार को लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण कर नागरिकों को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की कार्यप्रणाली, मूलभूत सुविधाओं तथा कार्यालय की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन को बेहतर, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती ने ई-दिशा केंद्र में स्थापित एयर कंडीशनर, कंप्यूटर, प्रिंटर तथा अन्य उपकरणों की कार्यक्षमता की जांच की। कर्मचारियों ने उन्हें अवगत कराया कि सभी एसी सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं तथा आवश्यक उपकरण भी व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहे हैं। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी मशीनों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



फतेहाबाद। ई-दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

**ईवीएम वेयरहाउस का लिया जायजा**

**फतेहाबाद।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने जिला के ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अग्निशमन प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया गया। डीसी ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। डीसी डॉ. विवेक भारती ने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरे की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए।



## जगदीश मालिया शेखूपुर बने सर्व समाज कल्याण महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**भट्टूकलां।** सर्व समाज कल्याण महासभा हरियाणा एवं राजस्थान की फाउंडर कमेटी, दोनों राज्यों के प्रदेशाध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सुझाव पर जगदीश मालिया, शेखूपुर को सर्व समाज कल्याण महासभा, हरियाणा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की घोषणा के बाद समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि जगदीश मालिया अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा समाज हित में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रभारी राजबीर पालना ने कहा कि संगठन समाज के उत्थान, एकता और जनकल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश मालिया को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।



## नूंह रैली को लेकर अभय चौटाला 10 को फतेहाबाद में करेंगे जनसभा

**फतेहाबाद।** पूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की 113वीं जयंती के उपलक्ष्य में इंडियन नेशनल लोकदल इस बार नूंह (मेवात) में 27 सितंबर को राज्य स्तरीय सम्मान दिवस रैली का आयोजन करने जा रही है। मेवात में होने जा रही इस मेगा रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा 10 अगस्त को फतेहाबाद में सिरसा रोड स्थित सेतिया पैलेस में दोपहर 12 बजे फतेहाबाद हलके की जनसभा को संबोधित कर रैली में बढ़चढ़ कर भाग लेने का निमंत्रण देंगे। सम्मान दिवस रैली और अभय सिंह चौटाला की जनसभा को लेकर इनेलो द्वारा जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके लिए इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला व इनेलो जिलाध्यक्ष बिकर सिंह हड़ौली वरिष्ठ इनेलो नेताओं के साथ 31 जुलाई से 4 अगस्त तक जिले के 50 से ज्यादा गांवों का धुआंधार दौरा करेंगे। यह जानकारी देते हुए इनेलो के हलका अध्यक्ष अंगद ढिंगसरा ने बताया कि सुनैना चौटाला व बिकर सिंह हड़ौली 31 जुलाई को सुबह 9 बजे ढाणी ठोबा से अपने दौरे की शुरूआत करेंगे। इस दिन वह सरवरपुर, बोदीवाली, मेहूवाला, बनमंदौरी, पीलीमंदौरी, ठुईयां, ढाबी खुर्द, जांडवाला बागड़, दैयड़, रामसरा व गदली में ग्रामीण सभाओं को संबोधित करेंगी।

- सुनैना चौटाला आज से ग्रामीण दौरों पर

**कार्यक्रम** विद्यार्थियों ने कला और विचारों से दिया 'नशा मुक्त भारत' का संदेश

# देश को सुरक्षित रखने के लिए नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई आवश्यक : भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में वीरवार को एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में जिला स्तरीय युवा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'माई भारत' पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम का मुख्य विषय 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' रखा गया। कार्यक्रम में महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नशामुक्ति सेना के संस्थापक भवानी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।



फतेहाबाद। मुख्य अतिथि भवानी सिंह का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**चर्चा : नशे से बचने के लिए क्या कदम उठाएं?**

प्रतियोगिताओं के दौरान आयोजित डिबेट में जिलेभर से आए विद्यार्थियों ने इस बात पर गहन चर्चा की कि आज का युवा नशे की गिरफ्त में क्यों जा रहा है और इससे बचने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। विद्यार्थियों के विचारों से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि भवानी सिंह ने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है और उनके भविष्य को सुरक्षित कर नशे से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि नशा दीमक की तरह हमारी युवा पीढ़ी को चाट रहा है। अगर युवा खुद जागेगा, नशे पर खुलकर चर्चा करेगा और नशा बेचने वालों का डटकर विरोध करेगा, तभी हमारा देश सुरक्षित रह पाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आज यहां से संकल्प लेकर जाएं कि समाज, देश और अपने परिवार को बचाने के लिए इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। भवानी सिंह ने केंद्र सरकार की 'माई भारत' पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की सरकार नशे के खिलाफ बेहद गंभीरता से काम कर रही है। ऐसे आयोजन युवाओं को सही दिशा देने और उनकी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले भर के विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ को दिए निर्देश

**सिरसा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दूसरे चरण के तहत वीरवार को स्थानीय राजकीय नेशनल कॉलेज में बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सिरसा विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस दौरान सभी प्रतिभागियों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण की जिम्मेदारियों एवं प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ को निर्देश दिए गए कि वे प्रत्येक आवेदन कासमयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें।

**बेदखली सूचना**

मै गुरबचन सिंह पुत्र श्री कुलदीप सिंह निवासी गांव बोसवाल जिला फतेहाबाद हरियाणा का रहने वाला हूँ। मै अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लड़का राजकुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### लाखों की अफीम और चूरापोस्त सहित दो काबू

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा शहर क्षेत्र से बाइक सवार दो तस्करों को लाखों रुपये की अफीम व चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 23 किलो 850 ग्राम चूरापोस्त व 220 ग्राम अफीम बरामद हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने वीरवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान खैरपूर से होते हुए जंडीवाली गली की तरफ जा रही थी।

### हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने में सरकार विफल

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सामने आई रिपोर्ट पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों, विशेषकर सीमावर्ती गांवों से लगातार प्रदूषित पेयजल और पानी की कमी की शिकायतें मिल रही हैं। वर्षा ऋतु के दौरान भी अनेक गांवों में पेयजल संकट बना हुआ है, जो बेहद चिंताजनक है।

### शहीद ऊधम सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

**ओढां।** द माउंट स्कूल सुरतिया में क्रांतिकारी शहीद ऊधम सिंह की शहादत शताब्दी के उपलक्ष्य में वीरवार को कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्यातिथि जथेदार गुरजंट सिंह शामिल थे। उन्होंने शहीद ऊधम सिंह के अद्वितीय साहस, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा, ईमानदारी और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

### प्राचीन श्री शनि धाम में शनि जन्मोत्सव 12 को

**सिरसा।** सावन मास की हरियाली अमावस्या को शनि देवजी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार सावन मास की हरियाली अमावस्या 12 अगस्त को मनाई जाएगी। नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि मंदिर के पुजारी योगेश भार्गव ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव की पूजा के लिए विशेष माना जाता है। श्रद्धालु पूरे महीने भर भगवान शिव को धूप दीप नैवेद्य अर्पित कर प्रसन्न करते हैं और मनोवांछित फल पाते हैं।

---

# विश्व कप के बाद अब एशियन गेम्स हॉकी चैंपियनशिप के लिए चुने गए सिरसा के राजिंद्र

**कोच हरविंद्र बोले, मेहनत और अनुशासन का मिला इनाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिले के गांव संतनगर के हॉकी खिलाड़ी राजिंद्र सिंह ने एक साथ दो बड़ी उपलब्धियां हासिल कर हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। राजिंद्र का चयन पहले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप-2026 और उसके बाद जापान में होने वाली एशियन गेम्स हॉकी चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन होने की खबर मिलते ही संतनगर गांव में खुशी की लहर


राजेंद्र सिंह कोच हरविंद्र सिंह के साथ।

दौड़ गई है। राजिंद्र के कोच हरविंद्र सिंह ने इसे वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताया। विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त के बीच नीदरलैंड और बेल्जियम में होगा, जहां राजिंद्र भारतीय टीम की ओर से मैदान में उतरेंगे। इसके बाद 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक जापान में आयोजित होने वाली एशियन गेम्स हॉकी चैंपियनशिप में भी वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। लगातार दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए चयन ने उनके खेल करियर को नई ऊंचाई दी है।

#### अनुशासन से मिली बड़ी पहचान

राजिंद्र के कोच हरविंद्र सिंह ने वीरवार को बताया कि वर्ष 2009 में शुरू हुआ उनका हॉकी सफर आज इस मुकाम तक पहुंचा है। शुरूआती दिनों से ही राजिंद्र ने अनुशासन और मेहनत को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई और फिर हॉकी इंडिया लीग में बेहतरीन खेल दिखाकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसी निरंतर प्रदर्शन के दम पर उन्हें भारतीय सीनियर टीम में जगह मिली। कोच हरविंद्र सिंह ने विश्वास जताया कि राजिंद्र विश्व कप और एशियन गेम्स दोनों प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करेंगे।

#### पांच खिलाड़ी चयनित

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम में प्रदेश के पांच खिलाड़ियों को जगह मिली है। इनमें सिरसा के राजिंद्र सिंह, हिसार के संजय तथा सोनीपत के जसदीप, सुमित और अभिषेक शामिल हैं। कोच हरविंद्र सिंह ने बताया कि जीवन नगर स्थित नामधारी संस्था के सतगुरु उदय सिंह युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

---


सिरसा। भूख हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

## एलएडीसी पॉलिसी के विरोध में सात वकील रहे भूख हड़ताल पर

**सिरसा।** ज्वाइंट एक्शन कमेटी पंजाब एंड हरियाणा के आह्वान पर एलएडीसी पॉलिसी को रद्द करवाने के विरोध में वीरवार को जिला बार एसोसिएशन से जुड़े सात अधिवक्ता भूख हड़ताल पर बैठे, जिनमें कपिल देव, अशोक सहारण, संतोष कटारिया, विमल मेहरा, सुरेंद्र कौर, बलजीत कौर व सुनीता शार्म शामिल रहे। एलएडीसी पॉलिसी के विरोध में भूख हड़ताल पर बैठे वकीलों ने कहा कि सरकार उनका रोजगार बंद करना चाहती है और जबरन नए कानून बनाकर हमें बेरोजगार करना चाहती है। महिला अधिवक्ताओं ने कहा कि हमें दिल्ली-चंडीगढ़, जंतर-मंतर जहां भी जाना पड़े, वहां पूरी शक्ति से पहुंचेंगे।

---

# हल्की बारिश में ही डिंग मंडी बनी ‘तालाब’

**▶▶ किसानों के लिए अमृत बनी बारिश ▶▶ रेलवे अंडरब्रिज में पानी भरने से रास्ते बंद**


सिरसा। डिंग रेलवे अंडरब्रिज पर जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डिंग

क्षेत्र में बारिश ने जहां खेतों में खड़ी फसलों और किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी, वहीं डिंग मंडी की बदहाल व्यवस्था की पोल एक बार फिर खोलकर रख दी। महज हल्की-फुल्की बारिश के बाद ही डिंग रेलवे स्टेशन के सामने वाली सडक़ जलमग्न हो गई। सडक़ पर इतना पानी जमा हो गया कि राहगीरों, दुकानदारों और आसपास के ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया। हालात ऐसे बन गए कि लोगों को सडक़ से निकलने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

जलभराव की समस्या ने दुकानदारों की परेशानी भी बढ़ा दी। दुकानों के सामने पानी जमा होने के कारण ग्राहक नहीं पहुंच सके और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिंग मंडी में बारिश कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन वर्षों से जलनिकासी का स्थायी समाधान नहीं होने के कारण हर बारिश के साथ वही कहानी दोहराई जाती है। सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार विभाग कब जागेगा?

#### अंडरब्रिज में पानी भरते ही बंद हो जाते हैं रास्ते

डिंग सरपंच प्रतिनिधि दरिया सिंह पचार ने कहा कि डिंग में अनेक विकास कार्य लंबे समय से लंबित पड़े हैं। इन समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों और मंत्रियों के समक्ष कई बार मांग रखी जा चुकी है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि बारिश के दौरान रेलवे अंडरब्रिज में पानी भर जाने से रेलवे लाइन के दोनों तरफ आवागमन के रास्ते बंद हो जाते हैं। इससे डिंग मंडी के अलावा आसपास के गांवों के लोगों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार लोगों को लंबा रास्ता तय करके अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है।

#### 2018 की घोषणा के बाद भी ओवरब्रिज का इंतजार

दरिया सिंह पचार ने बताया कि इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेलवे ओवरब्रिज की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। 20 नवंबर 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की घोषणा की गई थी, लेकिन घोषणा के वर्षों बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर यह घोषणा कब धरातल पर उतरेगी? उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि डिंग मंडी की जलनिकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए तथा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया को तेज कर लोगों को वर्षों पुरानी समस्या से स्थायी राहत दिलाई जाए।

## रूठे बादलों ने बढ़ाई किसानों की धड़कनें, धान की सांसें ट्यूबवेल के सहारे

- तीन सप्ताह से बारिश गायब, बढ़ती गर्मी से खेतों का पानी हुआ गर्म; प्रति एकड़ लागत बढ़ी, धान और नरमे की फसल पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आसमान से बरसने वाली राहत की हर बूंद का इंतजार अब किसानों की सबसे बड़ी उम्मीद बन गया है। पिछले तीन सप्ताह से जिले में बारिश नहीं होने के कारण खेतों में खड़ी धान और नरमे की फसल पर संकट गहराने लगा है। तेज धूप और लगातार बढ़ रही उमस ने धान के खेतों में भरे पानी को भी गर्म कर दिया है, जिससे फसल पर प्रतिकूल असर पडऩे लगा है। हालात ऐसे हैं कि किसान अब मानसून के भरोसे नहीं, बल्कि ट्यूबवेल के सहारे अपनी फसल बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। इससे प्रति एकड़ कृषि लागत भी लगातार बढ़ रही है। ऐसा नहीं है कि जिला में बरसात नहीं हुई। जिले के टोहाना, कुलां क्षेत्र में वीरवार को भी बरसात हुई। हाइवे पर बड़ोपल, खाराखेड़ी में भी अच्छी बरसात की सूचना है लेकिन फतेहाबाद अभी भी सूखा है। फतेहाबाद जिले में 13 जुलाई को मानसून की पहली औसत 25 एमएम बारिश हुई थी। इसके बाद जिले के अधिकांश हिस्सों में बारिश नहीं हुई। केवल जाखल, टोहाना और आसपास के कुछ गांवों में हल्की बरसात हुई, जबकि शेष क्षेत्र सूखे की स्थिति से गुजर रहे हैं। दूसरी ओर प्रदेश के दक्षिणी जिलों में लगातार बारिश होने से उमस बढ़ रही है और जिले में तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। गर्म मौसम के कारण धान के खेतों में खड़ा पानी भी गर्म हो गया है, जिससे फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका बढ़ गई है।

इस बार जिले में करीब 1.90 लाख हेक्टेयर में धान तथा 22 हजार हेक्टेयर में नरमे की बुवाई हुई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय धान की फसल को ठंडे पानी और नियमित बारिश की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। बारिश नहीं होने से किसान ट्यूबवेल से सिंचाई कर रहे हैं, जिससे बिजली, डीजल और सिंचाई पर खर्च बढ़ गया है। गांव अहलीसदर के किसान रूपचंद का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो धान की पैदावार प्रभावित होगी, जबकि नरमे में सुंडी का प्रकोप बढ़ने की आशंका भी है। हालांकि मौसम विभाग ने एक बार फिर उम्मीद जगाई है।


फतेहाबाद। धान की खेत में यूरिया का छिड़कना करता किसान।

#### क्यों बढ़ रही किसानों की चिंता

- ▶▶ 13 जुलाई के बाद जिले में नहीं हुई उल्लेखनीय बारिश।
- ▶▶ तापमान लगातार 38 से 42 डिग्री के बीच बना हुआ।
- ▶▶ धान के खेतों में भरा पानी गर्म होने लगा।
- ▶▶ ट्यूबवेल से सिंचाई के कारण प्रति एकड़ लागत में बढ़ोतरी।
- ▶▶ नरमे में सुंडी और धान में उत्पादन घटने का खतरा।

#### जिले की खेती एक नजर में

- ▶▶ धान की रोपाई : करीब 1.90 लाख हेक्टेयर
- ▶▶ नरमे की बुवाई : करीब 22 हजार हेक्टेयर
- ▶▶ आखिरी अच्छी बारिश : 13 जुलाई (औसत 25 एमएम)
- ▶▶ तीन सप्ताह से अधिकांश क्षेत्र बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

बरसात का मौसम बना हुआ है और एचएयू के मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है। बारिश होते ही धान की फसल को राहत मिलेगी और मौजूदा संकट काफी हद तक कम हो जाएगा।
- राजेश सिहाग, डीडीए, फतेहाबाद

---


सिरसा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती छात्राएं।

## युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्तिः कुलपति

- नशा युवाओं की प्रतिभा व ऊर्जा को नष्ट करता है

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और देश का भविष्य उनके चरित्र, संस्कार तथा सकारात्मक सोच पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और सपनों को नष्ट कर देता है, इसलिए प्रत्येक युवा को इस बुराई से स्वयं दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा, खेल, अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक सेवा जैसे रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी ही उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती है। कुलपति गुरुवार को माई भारत संगठन के नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि यदि विद्यार्थी जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ेंगे तो कोई भी बाधा उन्हें सफलता प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कुसंगति तथा ‘‘मैं नहीं कर सकता’’ जैसी नकारात्मक सोच को छोडक़र सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की प्रत्येक महान शख्सियत के जीवन में संघर्ष, लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिन परिस्थितियों से लडऩे का साहस दिखाई देता है।

---


सिरसा। सेवानिवृत्ति पर जुड़वा अध्यापक भाइयों को स्मृति चिह्न भेंट करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## नाथूसरी चोपटा के दो जुड़वां अध्यापक भाइयों की कहानी

- एक साथ जन्में, एक साथ पढ़े, एक साथ ही नौकरी लगी और अब एक साथ हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

क्षेत्र के गांव नाथूसरी कलां के दो जुड़वा भाई की अनोखी कहानी है। गांव नाथूसरी पूर्ण सिंह के जुड़वा बेटे रोहताश कुमार व रघुवीर सिंह दोनों एक साथ पढ़े। दोनों भाई वीरवार को रिटायर्ड हुए। गांव नाथूसरी कलां निवासी रघुवीर सिंह शहीद कृष्ण कुमार राजकीय माध्यमिक विद्यालय तरकांवाली और रोहताश सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय रूपाणा बिशनोईया से 37 साल की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर दोनों ही स्कूलों में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह मौजूद रहे। रोहताश कुमार व रघुबीर सिंह हमेशा समय पर स्कूल में पहुंचते थे। दोनों भाई कभी घर से साइकिल पर तो कभी पैदल ही स्कूल में पहुंच जाते थे। मौजूदा समय में भी दोनों साइकिल चलाना ही पसंद करते हैं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में 200 पौधों से हरियाली का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में लगभग 200 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्या अंशु उप्पल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अपनी मां के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के लिए अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का कार्य नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ जीवन प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया ताकि यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित न रहकर पौधों के संरक्षण का भी माध्यम बने। इस मौके पर एनसीसी सीटीओ डॉ. रचना कंबोज तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रति तिवारी एवं डॉ. सरबन कंबोज ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।


सिरसा। एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवक पौधारोपण करते हुए।

## स्वस्थ बच्चा, सुदृढ़ राष्ट्र अभियान के तहत बाल कुपोषण पर नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

- एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय में पोषण, स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय में स्वस्थ बच्चा, सुदृढ़ राष्ट्र अभियान के तहत बाल कुपोषण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं आमजन को बच्चों के समुचित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल तथा कुपोषण की रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. दहिया ने की तथा कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता विनोद कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत भूषण ने बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े अधिकारों तथा समाज की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ एवं पोषित वातावरण उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों के समुचित पोषण, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार और समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाकर कुपोषण जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।


कुपोषण पर नुक्कड़ नाटक में भाग लेनी वाली छात्राएं।

---

**कार्यक्रम** 21 कार्यक्रमों के जरिए जिलेभर में गूंजा सेवा का संदेश

# गोसेवा से शुरू हुआ सेवा और जनसरोकारों का महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा जिला अध्यक्ष एवं एडवोकेट प्रवीन जोड़ा का जन्मदिवस वीरवार को जिलेभर में उत्साह, आत्मीयता और सेवा भावना के साथ मनाया गया। फतेहाबाद, टोहाना, भूना और रतिया सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 21 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। जन्मदिन के जश्न को औपचारिक समारोहों तक सीमित न रखते हुए इसे गोसेवा, पौधरोपण, जरूरतमंदों की सहायता और अन्य सामाजिक सरोकारों से जोड़ा गया, जिससे पूरे आयोजन को एक सामाजिक संदेश भी मिला।

दिनभर चले कार्यक्रमों का आगाज फतेहाबाद स्थित हरियाणा गोशाला में गौसेवा के साथ हुआ। सुबह-सुबह भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी गौशाला पहुंचे और गोवंश की सेवा में हिस्सा लिया। इस दौरान गोमाता को चारा खिलाया गया और गौसेवा को भारतीय संस्कृति की धरोहर बताते हुए इसे जन्मदिन के जश्न से जोडऩे के महत्व पर चर्चा की गई। इस शुभ शुरुआत के साथ ही पूरे दिन चलने वाले सेवा कार्यक्रमों की भूमिका बन गई।


फतेहाबाद। प्रवीन जोड़ा को बधाई देते सर्वश्री वैष्णो भजन मंडल के सदस्य।

#### वैष्णो भजन मंडल कार्यालय में समारोह

सर्वश्री वैष्णो भजन मंडल कार्यालय में भी जन्मदिवस से जुड़ा एक समारोह आयोजित हुआ। यहां भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई और उपस्थित सदस्यों प्रधान प्रवीन रूखाया, उपप्रधान शम्मी ढींगड़ा, सचिव विजय मिढ़ा, कोषाध्यक्ष कमलकांत ने प्रवीन जोड़ा के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। धार्मिक माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम ने समारोह को आध्यात्मिक रंग भी दिया। इस अवसर पर भजन मंडल सदस्य पवन रूखाया, पूर्णचंद जुनेजा, मुकेश नारंग, मुकेश नागपाल, गुलशन मुंजाल, पवन छाबड़ा, पवन नारंग, अमित जुनेजा, अरूण आहूजा, नरेन्द्र दीवाना, महेन्द्र सिंह, आशु रूखाया, सतीश श्रीधर, राजन सरदाना, दिनेश नागपाल आदि मौजूद रहे।

#### सतगुरु अपना घर आश्रम में सेवा कार्य

सतगुरु अपना घर आश्रम में भी कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। यहां जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक सेवा से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा लिया गया, जो जन्मदिन को सेवा भावना के साथ मनाने की भावना को दर्शाता है। भूना क्षेत्र में अनाज मंडी स्थित कैलाश बंसल के प्रतिष्ठान पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्थानीय व्यापारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर तथा फूलमालाएं पहनाकर प्रवीन जोड़ा का अभिनंदन किया।

#### रतिया की श्रीकृष्ण गोशाला में गौसेवा

रतिया की श्रीकृष्ण गोशाला में भी गौसेवा के माध्यम से जन्मदिन मनाया गया। यहां कार्यकर्ताओं ने गोवंश की सेवा में हिस्सा लेकर प्रवीन जोड़ा के जन्मदिन को यादगार बनाया। इसके अतिरिक्त जिलेभर में अलग-अलग स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और फूलमालाओं के साथ प्रवीन जोड़ा का भव्य स्वागत किया। हर आयोजन स्थल पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला, और कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।